BOOKING HOLDINGS



# आचार संहिता



एकता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता ही हमारा वह सबसे महत्वपूर्ण बंधन है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़े रखता है।

# हमारी संहिता, हमारी प्रतिबद्धता, हमारी शर्तें

हमारी विश्वव्यापी टीम के लिए,

हम ऐसे असाधारण वैश्विक व्यवसाय का नेतृत्व करते हैं जो रोज़ाना लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करता है। हमारा उद्देश्य है कि **हम लोगों को दुनिया से जुड़ने में मदद करें**। हम पूरे उत्साह के साथ अपने इस उद्देश्य को पाना चाहते हैं, लेकिन इसे पाने के लिए अगर हम अपने नैतिक मूल्यों के साथ जुड़ नहीं पाते, तो इसका कोई महत्व नहीं होगा।

दुनिया के 78 देशों में हमारी कंपनियों से लोगों को रोज़गार मिल रहा है, हमारे साथ कई ब्रांड जुड़े हुए हैं, जिनकी अपनी एक अलग संस्कृति और DNA है। वे विशेषताएं जो हमारे ब्रांड और कर्मचारियों को औरों से अलग बनाती हैं, उससे भी महत्वपूर्ण है हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता जो हमें एक-दूसरे से जोड़े रखती है। यह प्रतिबद्धता हमारे के मुख्य मूल्यों में शामिल है: **ईमानदारी, अखंडता और उत्तरदायित्व** दर्शाते हैं कि हम अपने कार्यों और निर्णयों की ज़िम्मेदारी लेते हैं।

संहिता हमारी प्रतिबद्धता का आधार है। इसका महत्व हमारे कानूनी और नैतिक मानकों पर मार्गदर्शन से ज़्यादाहै। यह आपके और हमारे समुदाय के बीच एक छोटा सा समझौता है। एक तरफ यह आपको बताता है कि आप अपनी कंपनी और कर्मचारियों से क्या अपेक्षा रखते हैं और दूसरी तरफ यह आपको बताता है कि कंपनी और मैं आपसे क्या अपेक्षा करते हैं। **मुझसे शुरू करते हुए हम सभी व्यक्तिगत रूप से संहिता का पालन करने के लिए ज़िम्मेदार हैं।**

मैं आपको इसे ध्यान से पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ और यह सुनिश्चित करता हूँ कि आप कर्मचारी के रूप में मेरी बात समझ रहे हैं। अगर प्रतिबद्धता या संहिता के बारे में आपका कोई प्रश्न है, तो अपने प्रबंधक, अनुपालन अधिकारी, एथिक्स एम्बेसेडर या मुझसे भी इस बारे में पूछने से न हिचकिचाएँ।

मेरे लिए यह बहुत ज़रूरी है कि अगर आप कुछ ऐसा देखते हैं, जो सही नहीं है, तो आप **उस बारे में बताएँ**। हम आपको ऐसा सुरक्षित वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ावा दिया जाता है। हम ऐसे किसी भी व्यक्ति का विरोध सहन नहीं करेंगे, जो उचित बात करने के लिए अपनी आवाज़ उठाता है।

उच्च अखंडता वाली संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आपके समर्पण, कठिन परिश्रम और निरंतर प्रतिबद्धता साथ ही हमारा के उद्देश्य को पूरा करने और टैगलाइन *द राइट रिज़ल्ट्स, द राइट वे* का पालन करने के लिए धन्यवाद।



ग्लेन फ़ोगल
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# सामग्री तालिका


परिचय ........ 4

रिपोर्ट करना और जाँच करना ........ 8

कार्यस्थल सम्मान ........ 12

रिश्वतरोधी और भ्रष्टाचार-विरोधी ........ 16

वित्तीय सत्यनिष्ठा और रिपोर्ट करना ........ 19

उपहार और हितों का संघर्ष ........ 22

उचित प्रतिस्पर्धा/विश्वासरोध ........ 27

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार ........ 29

अनधिकृत व्यापार ........ 31

गोपनीयता और डेटा सुरक्षा ........ 33

कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा ........ 35

निष्पक्ष सौदेबाजी ........ 38

सोशल मीडिया और सार्वजनिक संचार ........ 40

उपसंहार ........ 42


*इस संहिता में चित्रों के चयन के बारे में टिप्पणी। चयनित ब्रेक पृष्ठ चित्रों का चयन इसलिए किया गया क्योंकि वे लोगों, हमारे कर्मचारियों सहित ऐसे कुछ आश्चर्यपूर्ण प्रेरणादायक जगहों को दर्शाते हैं जिनमें हम आवास, उड़ान, रेस्तराँ आरक्षण और किराए पर कार लेना सहज बनाते हैं।*

## द
## राइट रिज़ल्ट्स
## द राइट वे

Booking Holdings ऑनलाइन यात्रा और संबंधित सेवाओं में विश्व का अग्रणी प्रदाता है जो इन छह प्राथमिक ब्रांडों के माध्यम से 220 से अधिक देशों में उपभोक्ताओं और स्थानीय भागीदारों को अपनी सेवाएँ प्रदान करता है: Booking.com, priceline.com, KAYAK, Agoda, Rentalcars.com, और OpenTable।



# परिचय

*मैं हर जगह नहीं गया हूँ, लेकिन टोक्यो* ***#tokyostreet #awestrucked*** *की शुरूआत है*

टोक्यो, जापान

## हमारी आचार संहिता का उद्देश्य

हम व्यवसाय को नीतिपूर्ण, कानूनी रूप से और सही परिणाम, सही रास्ते से प्राप्त करने के अपने उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह आचार संहिता ("संहिता") उन कानूनी, नैतिक और विनियामक आवश्यकताओं और नीतियों को सारांशित करती है जो कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हमारे वैश्विक व्यवसाय को नियंत्रित करती हैं। इसी तरह, इस संहिता में यह जानकारी दी गई है कि संभावित उल्लंघनों की रिपोर्ट कैसे करनी है या आवश्यकता होने पर अतिरिक्त मार्गदर्शन कैसे प्राप्त करना है।

इस संहिता का उद्देश्य उस हर समस्या या परिस्थिति को शामिल करना नहीं है जिनसे आपका सामना हो सकता है। बल्कि, इसे कंपनी की अधिक विस्तृत **नीतियों**, आपकी **कर्मचारी पुस्तिका** और आपके श्रेष्ठ निर्णय के साथ एक मार्गदर्शिका के रूप में उपयोग करने के लिए तैयार किया गया है। यदि आप कभी भी किसी विशेष परिस्थिति से निपटने के बारे में सुनिश्चित न हों, तो **कार्रवाई करने के पहले पूछें** और अपने प्रबंधक या इस संहिता में बताए संसाधनों में से किसी से बात करें।

## हमारी संहिता का कार्यक्षेत्र

यह महत्वपूर्ण है कि आप संहिता को पढ़ें और इसके सिद्धांतों का पालन करें। हमारी संहिता सभी Booking Holdings कंपनियों के साथ या उनके लिए काम करने वाले हर व्यक्ति पर लागू होती है। इसमें Booking.com, priceline.com, KAYAK, Agoda, Rentalcars.com, OpenTable और उनके सभी सहयोगी शामिल हैं (प्रत्येक को व्यक्तिगत या समग्र रूप से "कंपनी" या "Booking Holdings" कहा जा सकता है)। कंपनी के सभी निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों, चाहे वे कहीं भी स्थित हों, से संहिता से परिचित होने और इसमें वर्णित लागू होने वाले सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का पालन करने की अपेक्षा की जाती है।

## हमारे दायित्व

हम एक ऐसी वैश्विक कंपनी है जो हर उस देश में लागू होने वाले कानूनों के अनुसार प्रचालन करने के लिए प्रतिबद्ध है जहाँ यह व्यवसाय करती है। गैरकानूनी या अनैतिक साधनों से परिणाम प्राप्त करना अस्वीकार्य है। हम आपसे अपेक्षा करते हैं कि आप सत्यनिष्ठा की हमारी प्रतिबद्धता से समझौता करने वाला कोई काम नहीं करेंगे—**अनुचित तरीके से व्यवसाय प्राप्त करने के बजाय इसे खो देना बेहतर है।**

निदेशक मंडल ने यह सुनिश्चित करने के लिए इस संहिता को स्वीकार किया है:

- निष्पक्ष सौदेबाजी और हितों के संघर्ष से नैतिक रूप से निपटने सहित ईमानदार और नैतिक आचार
- लागू कानूनों और सरकारी नियमों और विनियमों के साथ अनुपालन
- गलत काम करने से बचना



# द राइट रिज़ल्ट्स द राइट वे

## विश्वास का पैमाना

नैतिक रूप से निर्णय लेने का स्वरूप

T R U S T

**THINK**
नैतिक असमंजस के बारे में सोचें।

**READ**
लागू कोड सेक्शन और/या लागू नीति पढ़ें।

**UNDERSTAND**
जोखिम और प्रभाव को समझें।

**SPEAK**
सही लोगों से बात करें और मार्गदर्शन पाएँ।

**TAKE ACTION**
नैतिक असमंजस को दूर करने के लिए कार्रवाई करें।

यदि कभी भी आपका सामना किसी ऐसी परिस्थिति से हो जब आप सही कार्रवाई के बारे में सुनिश्चित न हों, तो स्वयं से निम्न प्रश्न पूछें:

01 क्या कार्रवाई कानूनी है?

02 क्या कार्रवाई करना सही है?

03 क्या कार्रवाई की योजना हमारी संहिता के अनुसार है?

04 यदि आपकी कार्रवाई का खुलासा समाचारों में होता है तो क्या आप इसकी अनुमति देंगे? क्या आपके सहकर्मियों को ठीक लगेगा? क्या आपके परिवार को ठीक लगेगा?

यदि आप इन सभी प्रश्नों के उत्तर "हाँ" में नहीं दे सकते हैं, तो कार्रवाई **करने से पहले पूछें!**

बड़ा करने के लिए क्लिक करें

## कौन सा कानून लागू होता है?

हम पूरी दुनिया में 220 से अधिक देशों और क्षेत्रों में व्यवसाय करते हैं। इसके परिणामस्वरूप, हमारे प्रचालन कई देशों, प्रांतों, राज्यों और नगरीय प्रशासनों तथा यूरोपीय संघ जैसे संगठनों के कानूनों के अधीन हैं।

आमतौर पर, ई-कॉमर्स की सीमापार प्रकृति हम सभी के लिए इस बात को समझने की महत्वपूर्ण चुनौती खड़ी करती है कि ये कानून हमारे प्रचालनों और व्यवसाय पर किस प्रकार लागू हो सकते हैं। इस संहिता और ब्रांड कंपनी की अन्य नीतियों में यूनाइटेड स्टेट्स और उन अन्य देशों के कानूनों के संदर्भ, जहाँ हम व्यवसाय करते हैं, इस बात को प्रदर्शित करते हैं कि हम वास्तव में एक वैश्विक कंपनी हैं जिसे एक साथ कई भिन्न कानूनों द्वारा विनियमित किया जाता है। कुछ स्थितियों में, दो या अधिक देशों के लागू होने वाले कानूनों में विरोध हो सकता है। जब आपको ऐसा विरोध मिले या इसका संदेह हो, तो मार्गदर्शन के लिए अपने अनुपालन और नैतिकता अधिकारी या अपने कानूनी विभाग से सलाह लें।

## सरकार की पूछताछ का उत्तर देना

हमसे कानून को लागू करने के लिए जिम्मेदार सरकारी एजेंसियाँ कभी-कभी पूछताछ भी करती हैं। हम सहयोग और पारदर्शिता की भावना से जानकारी के लिए आने वाले उचित और वैध सरकारी अनुरोधों का सही तीव्र और सटीक जवाब देंगे। अगर कोई सरकारी एजेंसी आपसे संपर्क करती है, तो यह ज़रूरी है कि आप कोई भी जवाब देने से पहले अपने अनुपालन अधिकारी या कानूनी विभाग से तुरंत संपर्क करें, जब तक कि कानून प्रवर्तन या संबंधित नियामक प्राधिकरण ने ऐसा करने का निर्देश न दिया हो।

आपकी ब्रांड कंपनी की साइट विज़िट, छापों या जानकारी के लिए सरकारी एजेंसी के अनुरोधों से संबंधित विशिष्ट नीतियाँ हो सकती हैं। सुनिश्चित करें कि आप इन नीतियों को जानते और समझते हैं।




## द राइट रिज़ल्ट्स द राइट वे

कर्मचारी के रूप में हमारी नैतिक बाध्यताएँ हैं:

- संहिता के सिद्धांतों को जानना
- संहिता के अनुसार निर्णय लेना
- ध्यान रहे कि जहाँ हम/आप व्यवसाय करते हैं, उन न्यायाधिकार क्षेत्रों के कानूनों और विनियमों को जानें और उनका अनुपालन करें
- उन उल्लंघनों या कार्यों की रिपोर्ट करना जो इस संहिता के साथ संगत न हों

यदि आप सुनिश्चित न हों, **तो कार्रवाई करने से पहले पूछें!**

...और कृपया हमेशा समय पर अपना ऑनलाइन और व्यक्तिगत अनुपालन प्रशिक्षण पूरा करें! वे द राइट रिज़ल्ट्स, द राइट वे ***के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता के ज़रूरी भाग है।***

### प्रबंधकों की इनके प्रति अतिरिक्त ज़िम्मेदारियाँ हैं:

- उदाहरण और निर्देशन, दोनों के द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों में संहिता के अनुपालन को बढ़ावा देना
- जवाबदेही और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को बढ़ावा देना, उसे उत्पन्न करना और उसे पुरस्कृत करना
- अपने अधीनस्थों द्वारा संहिता के अनुपालन पर निगरानी रखना
- संहिता को एकरूपता से लागू करना
- सुनिश्चित करना कि आपके विभाग या संगठन में उपयुक्त अनुपालन नियंत्रण लागू किए गए हैं
- कर्मचारियों को सद्भावना में समस्याओं की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करना
- सुनिश्चित करना कि सद्भावना में रिपोर्ट करने वाले व्हिसलब्लोअर्स के प्रतिकार पर कंपनी का शून्य-सहनशीलता का रवैया अपनाया जाता है और उन्हें सख्ती से लागू किया जाता है



# रिपोर्ट करना और जाँच करना

*तैयार हो जाएँ!* ***#camelindesert #humpycamels #bucketlisted***

अर्ग चेबिस, मोरोक्को

## रिपोर्ट करना और जाँच करना

यदि आपको ऐसी किसी भी बात का पता लगता है जो इस संहिता या लागू होने वाले कानूनों, विनियमों या कंपनी नीतियों का उल्लंघन करती है या उल्लंघन करती प्रतीत होती है, तो तुरंत समस्या की रिपोर्ट करना आपकी जिम्मेदारी है (कानून द्वारा अनुमन्य सीमा तक)।

अगर आपके पास पूरी जानकारी नहीं है, तब भी तुरंत रिपोर्ट करना बहुत ज़रूरी है, ताकि कोई योग्य व्यक्ति मामले की जाँच कर पाएँ और सभी तथ्यों को खोज पाएँ तथा यह निर्धारित कर पाएँ कि क्या सच में उल्लंघन हुआ है। इससे न सिर्फ़ आगे होने वाले किसी भी उल्लंघन को रोकने में मदद नहीं मिलती है बल्कि इससे साक्ष्यों को सुरक्षित रखने और हमारे कर्मचारियों, अधिकारियों तथा निदेशकों और कंपनी की किसी भी तरह की गलत कार्रवाई से सुरक्षा की जा सकती है। जब तक आप समझदारी से काम लेते हुए यह मानते हैं कि उल्लंघन हुआ है, तब तक आप सही काम कर रहे होते हैं। **हम ऐसे लोगों के प्रति कोई भी विरोध बर्दाश्त नहीं करते, जो कि उचित बात करने के लिए अपनी आवाज़ उठाते हैं।**

सही बात कहने के लिए अपनी आवाज़ उठाने का मतलब है कि आपने इमानदारी से और पूरे विश्वास के साथ मामले की जाँच की है।

खासतौर पर इसके लिए ज़रूरी है कि (i) आप किसी भी तरह की दुर्भावना या निजी हित के लिए काम न करें और (ii) मामले की ईमानदारी से जाँच करने के बजाय तथ्यों को तोड़-मरोड़कर या अपने किसी निजी उद्देश्य को पूरा करने के लिए सामने न रखें।

हमने समस्याएँ रिपोर्ट करने के कई तरीके उपलब्ध कराए हैं ताकि आप अपने लिए सबसे सुविधाजनक तरीके का चुनाव कर सकें। आपने किसी भी तरीके का चुनाव किया हो, आपकी समस्या पर संवेदनशीलता और गंभीरता से विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कंपनी परिस्थिति अनुमतियों और/या संगत लागू कानून के अनुसार रिपोर्ट्स की गोपनीयता और सुरक्षा पर समान रूप से ध्यान देगी।

### संसाधन

यदि संहिता के बारे में आपके कोई प्रश्न हों या आप देखे गए किसी गलत कार्य की रिपोर्ट करना चाहते हों, तो निम्न में से किन्हीं व्यक्तियों से संपर्क करें:

- अपने प्रबंधक या सुपरवाइज़र से
- आपके स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि
- आपके स्थानीय नैतिकता एम्बेसडर (यदि लागू हो)
- आपका स्थानीय कानूनी विभाग
- आपके कानूनी अनुपालन और नैतिकता अधिकारी
- वैश्विक अनुपालन और नैतिकता अधिकारी
- मुख्य कानूनी अधिकारी
- अनुपालन हेल्पलाइन: www.bknghelpline.com

इस बात की परवाह किए बिना कि आप कहाँ स्थित हैं, यदि आपकी लेखांकन, आंतरिक नियंत्रण, लेखा परीक्षण मामलों, वित्तीय रिकॉर्ड रखने, बैंकिंग या वित्तीय अपराध, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार, या अविश्वास और प्रतिस्पर्धा से संबंधित चिंताएँ हैं तो आप वैश्विक अनुपालन और नैतिकता अधिकारी, आंतरिक लेखा परीक्षण विभाग को सीधे सूचित कर सकते हैं, अनुपालन **www.bknghelpline.com** का उपयोग कर सकते हैं या Booking Holdings के निदेशक मंडल की लेखा परीक्षण समिति से संपर्क कर सकते हैं या आप जिस किसी व्यक्ति के साथ सहज महसूस करते हैं और सोचते हैं कि वे आपकी बात को आगे पहुंचाएंगे, उन्हें सूचित कर सकते हैं। यदि आप लेखा परीक्षण समिति को शिकायत करना चाहते हैं, तो **लेखा परीक्षण समिति शिकायत प्रबंधन कार्यप्रणाली को देखें**।

## अनुपालन हेल्पलाइन

कम्पलायंस हेल्पलाइन, गलत चीज़ों या अनैतिक व्यवहार के बारे में अपनी आवाज़ उठाने के लिए वेब आधारित और टेलिफ़ोन-समर्थित सुरक्षित और स्वतंत्र संसाधन है।



**हमारी अनुपालन हेल्पलाइन उपलब्ध कराती है:**

- गोपनीय रिपोर्टिंग और अनाम रहने का विकल्प
- 12 भाषाओं में टेलीफ़ोन (टोल फ्री) और वेब-आधारित रिपोर्टिंग विकल्प
- दिन के 24 घंटे और सप्ताह के 7 दिन उपलब्ध
- आपकी चिंता पर फ़ॉलो-अप करने की योग्यता, भले ही आप अनाम रहना चुनते हैं

जहाँ कानून इसकी अनुमति देता है, वहाँ आप अनुपालन हेल्पलाइन के माध्यम से अपनी चिंताओं को अनाम रूप से रिपोर्ट कर सकते हैं। कृपया ध्यान रखें, हालाँकि, कुछ परिस्थितियों में कंपनी के लिए अनाम रूप से की गई रिपोर्ट की पूरी तरह जाँच करना कठिन या असंभव हो सकता है। इसलिए, हम आपको अपनी पहचान बताने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और आपको आश्वस्त करते हैं कि कंपनी परिस्थिति और/या लागू होने वाले कानून के अनुसार रिपोर्ट की गोपनीयता और सुरक्षा बनाए रखने का पूरा प्रयास करेगी।

हम आपके सहयोग की प्रशंसा करते हैं और आपको व्यवसाय आचरण चिंता की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सभी चिंताओं को गंभीरता से लिया जाएगा और सद्भाव में चिंता या आरोप करने वाले किसी भी व्यक्ति का प्रतिकार प्रतिबंधित है।

## मेरे द्वारा किसी समस्या की रिपोर्ट किए जाने के बाद क्या होता है?

हम दुराचरण और इस संहिता के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हैं। जब कंपनी को समस्याओं की रिपोर्ट की जाती है, तो हम तुरंत उत्तर देंगे और कानून की अनुमति के अनुसार गैरकानूनी गतिविधि या उल्लंघन रिपोर्ट करने वाले कर्मचारी की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सभी यथोचित सावधानियाँ बरतेंगे।

रिपोर्ट किए गए सभी उल्लंघनों की गोपनीय, संपूर्ण और निष्पक्ष जाँच की जाएगी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी तथ्यों का ठीक से पता लगाया जाए और विश्लेषण किया जाए, सभी कर्मचारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे आंतरिक और बाहरी जाँचों में सहयोग करें।




जहाँ यह निर्धारित किया जाता है कि इस संहिता या कानून का उल्लंघन हुआ है, वहाँ कंपनी उपयुक्त अनुशासनात्मक और निरोधक कार्रवाई करेगी, जिसमें बर्खास्तगी तक या उसके सहित अन्य कार्रवाई शामिल है। आपराधिक या कानून के अन्य गंभीर उल्लंघनों की स्थिति में, कंपनी उपयुक्त सरकारी प्राधिकारियों को सूचित कर सकती है। अधिकांश मामलों में, कंपनी किसी आंतरिक या बाहरी जाँचों में शामिल कर्मचारियों को ऐसी जाँचों के परिणामों के बारे में अपडेट देने का प्रयास करेगी।

इसके अलावा, वैश्विक अनुपालन एवं नैतिकता अधिकारी अनुशासनात्मक कार्रवाई सहित सभी लंबित संहिता जाँच और अंतिम संहिता निर्णयों की समय-समय पर वरिष्ठ प्रबंधन और निदेशक मंडल की लेखा परीक्षण समिति को रिपोर्ट करते हैं।

## हमारी गैर-प्रतिकार स्थिति

जो कर्मचारी गलत कार्यों की रिपोर्ट करते हैं, वे एक महत्वपूर्ण सेवा देने में मदद करते हैं, और सद्भाव में चिंता उठाने पर कंपनी आपके विरुद्ध किसी प्रतिकूल रोज़गार निर्णय (पृथक्करण, अवनति, निलंबन, लाभों की क्षति, धमकी, उत्पीड़न, या भेदभाव सहित) के रूप में प्रतिकार को सहन नहीं करेगी। सद्भाव में की गई किसी रिपोर्ट या किसी अनुवर्ती जाँच में सहयोग करने के कारण सहकर्मियों के विरुद्ध प्रतिकार करना कंपनी या इसके कर्मचारियों के लिए संहिता का उल्लंघन है।

सही बात कहने के लिए अपनी आवाज़ उठाने का मतलब है कि आपने ईमानदारी से और पूरे विश्वास के साथ मामले की जाँच की है।

खासतौर पर इसके लिए ज़रूरी है कि (i) आप किसी भी तरह की दुर्भावना या निजी हित के लिए काम न करें और (ii) मामले की ईमानदारी से जाँच करने के बजाय तथ्यों को तोड़-मरोड़कर या अपने किसी निजी उद्देश्य को पूरा करने के लिए सामने न रखें।

हर ब्रांड कंपनी सद्भाव से आवाज उठाने और रिपोर्ट करने वालों की प्रतिकार और बदले से सुरक्षा करेगी और प्रतिकार करने वालों के विरुद्ध उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी। इसके विपरीत, बुरे इरादे से रिपोर्ट करने वालों पर अनुशासनात्मक प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं, जिसमें बर्खास्तगी तक शामिल है।

### नैतिकता एम्बेसडर

ब्रांड की कुछ कंपनियों में अनुपालन और नैतिकता क्रियाकलापों की पहुँच का विस्तार करने के लिए नैतिकता एम्बेसडर कार्यक्रम मौजूद है। सभी ब्रांड के साथ-साथ हमारे यहाँ 500 से ज्यादा एथिक्स एम्बेसडर हैं। एम्बेसडर साथी कर्मचारी हैं जिन्हें विशेष रूप से (i) प्रश्नों को पूछने या समस्याओं की रिपोर्ट करने के तरीकों पर कर्मचारियों के लिए स्थानीय या विभागीय संसाधन के रूप में कार्य करने; (ii) अनुपालन प्रभाग और स्थानीय कार्यालय या विभाग के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्रवाई करने; (iii) जागरूकता पैदा करने और स्थानीय और विभागीय रूप से संगठन में अधिक गंभीरता से संहिता, हमारे मूल्यों और नीतियों को सुस्थापित करने में मदद करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

यदि आप नैतिकता एम्बेसडर बनाने में रुचि रखते हैं, तो कार्यक्रम के बारे में अधिक जानने के लिए अपने समूह के कंपनी अनुपालन अधिकारी से बात करें और देखें कि आप अपने स्थान या विभाग में एक नैतिकता एम्बेसडर बनने की पात्रता रखते हैं या नहीं।

# कार्यस्थल सम्मान



*यह एक ऐसी कठिन यात्रा है, जो आपने पहले कभी नहीं की होगी*
***#journeybegins #norwegianmountains #journeyneverends #glentherentalcars.comguru #thanksrentalcars***
नॉर्वे के पर्वत

## अनेकता और समावेशन

हमारे लोग हमारी सबसे बड़ी संपत्ति और शक्ति हैं और हम अपनी सफलता में हर कर्मचारी को उसके योगदान के लिए महत्व देते हैं। हम 70 से अधिक देशों में प्रचालन करते हैं। अपनी कंपनी व व्यवसाय की वैश्विक प्रकृति के अनुसार हम इस तरह कार्य करना चाहते हैं जो स्थानीय संस्कृतियों और व्यवसाय प्रथाओं के तब तक अनुरूप हो जब तक कि वे इस संहिता और लागू होने वाली कानूनी आवश्यकताओं के साथ विरोध न करते हों।

हमारे कार्यबल की विविधता खास विचारों, दृष्टिकोण, प्रतिभा और मूल्यों से हमारी सफलता निर्धारित करते हैं। हम ऐसे कार्य वातावरण को बढ़ावा देना चाहते हैं जहाँ प्रत्येक व्यक्ति के पास समान अवसर हों और जहाँ उनके साथ सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाता हो। रोज़गार किसी व्यक्ति की पेशेवर सामर्थ्य से सीधे संबंधित गुणों और योग्यताओं पर आधारित होता है। हम विविध अनुभवों और पृष्ठभूमियों वाले कर्मचारियों के योगदान को पहचानते हैं और उसका महत्व समझते हैं। हम एक ऐसी वैश्विक टीम बनाने का प्रयास करते हैं जो उस समाज की विविधता को प्रदर्शित करे जहाँ हम सेवाएँ देते हैं और इसके लिए आवश्यक है कि हमारे कर्मचारी समावेशी संस्कृति और कार्यबल को अंगीकार करें। कंपनी अपनी प्रथाओं का नियंत्रण करने वाले सभी कानूनों और विनियमों का समर्थन करती है और उनसे बाध्य है और हम किसी भी प्रकार के गैरकानूनी भेदभाव का निषेध करते हैं।




## द राइट रिज़ल्ट्स द राइट वे

हम गैरकानूनी तरीके से भेदभाव नहीं करते हैं। हम सभी कर्मचारियों और भावी कर्मचारियों को उनकी काबिलियत और योग्यता के आधार पर मूल्यांकित करते हैं और इन वैयक्तिक विशेषताओं पर नहीं:

- जाति
- रंग
- धर्म
- लिंग
- स्त्री/पुरूष
- राष्ट्रीयता
- उम्र
- विवाहित स्थिति
- गर्भावस्था/बच्चे का जन्म और चिकित्सीय स्थितियाँ
- अक्षमता
- लैंगिक रूझान/लिंग की पहचान
- सैन्य सेवा/संबद्धता/सेवानिवृत्ति की स्थिति
- कोई भी विशेषता जो हमारी कंपनी की नीति या कानून को संरक्षण देती हो

## अच्छे नागरिक के रूप में हमारी प्रतिबद्धता

हमारे प्रत्येक ब्रांड में, हमने ईमानदारी और निष्पक्ष व्यवसाय प्रथाओं के माध्यम से सफलता का इतिहास रचा है। हम गैरकानूनी या अनैतिक साधनों से प्रतिस्पर्धा लाभ नहीं चाहते। हम अच्छी और जिम्मेदार नागरिकता का सम्मान करते हैं और ऐसे व्यवहार या कार्रवाई का निषेध करते हैं जो हमारी प्रतिष्ठा को हानि पहुँचा सकते हैं। हम लोगों से मानवीय रूप से व्यवहार करने में विश्वास रखते हैं और अन्य लोगों की कमजोरियों का फायदा नहीं उठाते हैं। हम मानव तस्करी, दासता, गैरकानूनी बाल श्रम या अप्रलेखित कर्मियों के उपयोग में शामिल नहीं होते हैं।

## कार्यस्थल पर आचार-व्यवहार, उत्पीड़न करना और धमकाना

हमारे सभी कर्मचारियों के पास ऐसे वातावरण में कार्य करने का अधिकार है, जो उन्हें सम्मानित, महफ़ूज़ और सुरक्षित लगता है। हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे सभी कर्मचारी इसका पालन करेंगे और व्यावसायिक रूप से काम करेंगे। हम अपमानजनक, हानि पहुँचाने वाली, डराने या निंदात्मक टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमारे सभी कर्मचारियों को अपने सहकर्मियों के विचारों, विश्वास और मूल्यों के बारे में पता होना चाहिए और उसका आदर करना चाहिए और ऐसे किसी भी विवादित मुद्दे जैसे कि राजनीति या धर्म पर बहस नहीं करनी चाहिए, जो कि हमारे काम से जुड़ा हुआ न हो, क्योंकि इस तरह से कार्यस्थल में नकारात्मकता पैदा होती है और सहकर्मी ढंग से काम नहीं कर पाते।

कंपनी किसी भी प्रकार के डर, धमकी या किसी भी प्रकार के गैरकानूनी उत्पीड़न का निषेध करती है जिसमें भावनात्मक, शारीरिक या लैंगिक उत्पीड़न शामिल हैं। यदि आपको यह लगता है कि आपका उत्पीड़न हुआ है या आपके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार हुआ है, तो आपको तुरंत अपने स्थानीय प्रबंधक या स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क करना चाहिए ताकि त्वरित और सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके। याद रखें कि हम ऐसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिकार सहन नहीं करेंगे जिसने अच्छी नीयत से उत्पीड़न और भेदभाव की चिंता व्यक्त की या उसकी शिकायत की। इस विषय पर अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपनी कर्मचारी हस्तपुस्तिका को देखें।

कर्मचारियों के लिए सम्मान में ऐसे सुरक्षित कार्यस्थल की हमारी प्रतिबद्धता शामिल है जो मानवीय और पर्यावरणीय, दोनों प्रकार के जोखिमों से मुक्त हो। यदि कभी भी आपको कार्यस्थल पर अपने स्वास्थ्य या सुरक्षा की चिंता हो, तो कृपया तुरंत अपने प्रबंधक से संपर्क करें।

### द राइट रिज़ल्ट्स द राइट वे

दूसरों से सम्मान, गरिमा और नम्रता से व्यवहार करना। जिन कार्यों को उत्पीड़न माना जा सकता है, उनमें शामिल हैं:

- गलत या अनुचित टिप्पणियाँ या कार्यस्थल पर लोगों का मज़ाक बनाना
- परेशान करना
- अप्रिय शारीरिक संपर्क या मुद्राएँ
- शत्रुतापूर्ण या भयभीत करने वाला कार्य वातावरण बनाना, जिसमें वह वातावरण शामिल है जिसमें कर्मचारियों को अनुपयुक्त कार्य व्यवहारों के “अनुरूप” बनने के लिए कहा जाता है
- किसी भी प्रकार की मौखिक या शारीरिक धमकी
- कार्यस्थल पर यौन रूप से मुखर, अनुचित चित्र बनाना या ऐसा कुछ लिखना
- लैंगिक अनुग्रह के लिए लैंगिक प्रस्ताव या अनुरोध
- नस्लीय या जातीय अपमान

हमारे अनुसार किसी भी तरह का अनचाहा मौखिक या मूक रूप से या शारीरिक रूप से किया गया कोई भी कार्य जिससे किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है, विशेष रूप से डराना, धमकाना, अपमान करना या गलत टिप्पणियाँ करना ही "उत्पीड़न" होता है।

“कार्यस्थल पर डराने-धमकाने” का अर्थ है किसी व्यक्ति या बहुत से कर्मचारियों को परेशान करने के लिए प्रतिशोध लेते हुए, क्रूरता के साथ या दुर्भावना रखते हुए व्यवहार करना।

## कार्यस्थल सुरक्षा

हम गैरकानूनी मादक दवाओं के उपयोग को सहन नहीं करते हैं। गैरकानूनी मादक दवाओं या शराब के प्रभाव में कार्य करना आपके लिए और आपके आसपास के लोगों के लिए असुरक्षित कार्य स्थितियाँ पैदा कर सकता है। ऐसे कर्मचारियों को, जिन्होंने किसी साथी को कार्यस्थल पर ऐसी मादक दवाओं का उपयोग करते देखा हो या ऐसा करने संबंधी चिंता हो, अपने प्रबंधक या मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क करना चाहिए। अतिरिक्त मार्गदर्शन के लिए कृपया ब्रांड के ड्रग और अल्कोहल नीति या **कर्मचारी हस्तपुस्तिका** पर भी विचार करें।

हम कार्यस्थल पर हिंसक और धमकीपूर्ण व्यवहार के सभी कार्यों को वर्जित करता है। कंपनी की संपत्ति में चाकू और आग्नेयास्त्रों सहित हथियार रखना वर्जित है। यदि कंपनी पाती है कि किसी कर्मचारी ने हिंसक या धमकीपूर्ण या अनुपयुक्त रूप से व्यवहार किया है, तो उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और उपयुक्त कानून प्रवर्तन एजेंसियों से संपर्क किया जाएगा।

कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्रभावित करने वाले ऐसे किसी भी व्यवहार या गतिविधि के बारे में तुरंत अपने स्थानीय प्रबंधक से रिपोर्ट करें। अगर आपको लगता है कि आप या कोई दूसरा व्यक्ति अभी किसी खतरे में है, तो आपको स्थानीय प्राधिकरण/आपातकालीन सेवा अधिकारियों को कॉल करना चाहिए।








# रिश्वतरोधी और भ्रष्टाचार-विरोधी

*गोल्डन गेट, **#bridgepuns #powerpose** को मदद करने के लिए धन्यवाद*

गोल्डन गेट ब्रिज, सेन फ्रांसिस्को, कैलिफ़ोर्निया, यूएसए

# रिश्वतखोरी निषेध

किसी भी प्रकार की रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार के प्रति **शून्य सहनशीलता** है। हम पूरे विश्व में व्यवसाय करता है और वह कई ऐसे कानूनों के अधीन है जो किसी भी प्रकार की रिश्वत को पेश करने, देने, या भुगतान को अधिकृत करने को सख्ती से वर्जित करते हैं। इनमें से कई कानून हमारे व्यवसाय के संचालन के संबंध में आपके द्वारा रिश्वत (या किकबैक) लिए जाने को भी प्रतिबंधित करते हैं। कई देशों में इन कानूनों को देखते हुए, यह कंपनी की नीति में शामिल है कि वह यू.स. के साथ-साथ सभी देशों में घूसखोरी के खिलाफ लागू कानून का अनुपालन करे। फ़ोरन करप्ट प्रैक्टिसेस एक्ट (FCPA) और यू.के. ब्राइबरी एक्ट 2010 (यूके ब्राइबरी एक्ट)। इस क्षेत्र के जटिल कानूनों के कारण, इस विषय के संबंध में सभी कर्मचारियों और तृतीय पक्षों से समूह की अपेक्षाओं के बारे में आपको अधिक मार्गदर्शन देने के लिए हमने **वैश्विक रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार-विरोधी नीति** बनाई है। हालाँकि, निम्नलिखित सिद्धांत आपकी मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करते हैं:

किसी भी प्रकार की रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता है।

**अनुचित रूप से पैसे देना और उसकी पेशकश करना:** का कोई कर्मचारी व्यवसाय प्राप्त करने या बनाए रखने, कंपनी के लिए प्रभाव बनाने, अनुकूल व्यवहार या कोई अन्य लाभ पाने के उद्देश्य से किसी सरकारी अधिकारी या निजी पक्ष (उदाहरण के लिए विक्रेता, आपूर्तिकर्ता, ठेकेदार, क्लाइंट या प्रतिनिधि) कोई भी मूल्यवान वस्तु न तो दे सकता है, न उसकी पेशकश कर सकता है और न ही उसके लिए प्राधिकृत कर सकता है। इस निषेध की सीमा सरकारी अधिकारियों को भुगतान करने से भी विस्तृत है और इसमें निजी वाणिज्यिक एंटरप्राइज़ के प्रतिनिधियों को भुगतान करना भी शामिल है जिनके साथ हम व्यवसाय व्यवसाय करते हैं।

"सरकारी अधिकारी" वह व्यक्ति होता है जो किसी विदेशी सरकार, एजेंसी, विभाग, विनियामक प्राधिकरण या सहायक की ओर से आधिकारिक क्षमता में कार्य करता है। यह शब्द थोड़ा सा शिथिल रूप से परिभाषित है और इसमें राष्ट्रीय, राज्य या स्थानीय सरकार के कर्मचारी, राजनीतिक कार्यालयों के उम्मीदवार, राजनीतिक दल, राजनीतिक दलों के अधिकारी, सरकार के स्वामित्व वाले या राज्य के स्वामित्व वाले एंटरप्राइज़ (राष्ट्रीय एयरलाइन या सरकार के स्वामित्व वाले होटल) के कर्मचारी/ संयुक्त राष्ट्र और रेडक्रॉस जैसे अर्द्ध-सरकारी या अंतर्राष्ट्रीय, गैर-सरकारी संगठन भी शामिल हैं।

**अनुचित रूप से पैसों का अनुरोध करना और प्राप्त करना:** कंपनी के कर्मचारियों को विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, क्लाइंट प्रतिनिधियों जैसे तृतीय पक्षों से कोई भी मूल्यवान वस्तु प्राप्त करने या उसका अनुरोध करने की भी मनाही है। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसा करने की मनाही है।

रिश्वत देने से मना करने वाले किसी भी कर्मचारी को डाँटा नहीं जाएगा, भले ही इसका हमारी आय, बिक्री, या हमारे व्यवसाय के अन्य पहलू पर कुछ भी प्रभाव पड़े। रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार की लागत और क्षतिकारक जटिलताएँ कम समय में मिलने वाले लाभ से कहीं अधिक भारी साबित होती हैं।

FCPA और यू.के. रिश्वतखोरी अधिनियम सहित रिश्वतखोरी निरोधक कानूनों के उल्लंघन बहुत गंभीर होते हैं। परिणामस्वरूप कंपनी अपने निदेशकों, अधिकारियों और अलग-अलग कर्मचारियों को आपराधिक या दीवानी का दंड दे सकती है। इन दंडों में शामिल लोगों पर भारी जुर्माने और कारावास शामिल हो सकते हैं।

## सही किताबें और रिकॉर्ड

सभी कर्मचारियों को भुगतान और क्षतिपूर्ति से जुड़े दूसरे दस्तावेज़ों को अपनी ब्रांड कंपनी की बुक में सही समय पर और ज़रूरी विवरण के साथ रखना चाहिए। किसी भी उद्देश्य से ऐसा कोई खाता नहीं बनाया जाना चाहिए, जिसके बारे में कोई जानकारी न दी गई हो या कोई रिकॉर्ड न हो। किताबों और रिकॉर्ड में गलत, भ्रामक, अधूरी, झूठी या नकली प्रविष्टि करने की मनाही है। किसी भी निषेध काम को करने और कंपनी की नीति के विरुद्ध जाकर निजी फंड का इस्तेमाल करने की मंज़ूरी नहीं है।




## तृतीय पक्ष एजेंट के साथ लेन-देन करना

रिश्वतखोरी-विरोधी कानून, कंपनी को हमारी ओर से भ्रष्ट भुगतान करने वाले तृतीय पक्ष एजेंट को नियुक्त करने से रोकते हैं। रिश्वतखोरी निरोधक कानून ऐसे आचरण को न केवल वहाँ आपराधिक दर्जा देते हैं जहाँ कंपनी को ऐसे आचरण का पता हो, बल्कि उन परिस्थितियों में भी, जब यथोचित रूप से ऐसा परिणाम निकाला जा सके कि कंपनी को ऐसा भुगतान किए जाने का पता था या पता होना चाहिए था।

इसलिए यह अत्यावश्यक है कि हमारे प्रत्येक तृतीय पक्ष एजेंट यह समझें कि उन्हें हमारी ओर से किसी भी प्रकार की रिश्वत (जिसमें सुगमीकरण, शीघ्रता करने या "घूस देने" भुगतान शामिल हैं) देने या प्राप्त करने की सख्त मनाही है। इसलिए कंपनी की ओर से कार्य करने वाले हमारे सभी एजेंटों की सावधानीपूर्वक जाँच-पड़ताल होनी चाहिए, यथोचित देखभाल रखने के लिए समझाया जाना चाहिए और कंपनी की यह अपेक्षा बताई जानी चाहिए कि वे प्रासंगिक रिश्वतखोरी निरोधक कानूनों से बाध्य हैं जिसमें उनके द्वारा रिश्वतखोरी निरोधक कथन/निरूपण शामिल हैं। रिश्वतखोरी-विरोधी कथन/प्रतिनिधिकरण प्राप्त करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे तृतीय पक्ष एजेंटों की जाँच-पड़ताल हो चुकी है, कृपया अपने स्थानीय अनुपालन और नैतिकता अधिकारी के साथ कार्य करें।

"तृतीय पक्ष एजेंट" शब्द में वे निकाय या व्यक्ति शामिल हैं जो हमारी ओर से कार्य करते हैं, जिनमें एजेंट (जैसे, कस्टम/रीयल एस्टेट एजेंट), ठेकेदार, सलाहकार, कॉर्पोरेट सेवा कंपनियाँ, पेरोल प्रदाता, विज्ञापन एजेंसियाँ और कानूनी फर्म शामिल हैं।

इस क्षेत्र में जटिल कानून के कारण, कृपया वैश्विक **रिश्वतरोधी और भ्रष्टाचार-विरोधी नीति** देखें और/या किसी भी प्रश्न या समस्या के लिए अपने स्थानीय अनुपालन और नैतिकता अधिकारी से संपर्क करें।

# वित्तीय सत्यनिष्ठा और रिपोर्ट करना



***मेनू, OpenTable में क्या है? #foodie #diningout***

बर्लिन, जर्मनी

## वित्तीय रिपोर्टिंग, प्रकटीकरण और आंतरिक नियंत्रण

एक NASDAQ-सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी होने के नाते, हमारे के लिए आवश्यक है कि वह कंपनी के बारे में वित्तीय जानकारी सहित सार्वजनिक प्रकटन प्रदान करे। कंपनी के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह लोगों को कंपनी के बारे में सही वित्तीय और अन्य जानकारी दे। ऐसा न कर पाने का परिणाम कंपनी के लिए देयता हो सकता है, और कुछ स्थितियों में कंपनी के अधिकारियों, निदेशकों या कर्मचारियों पर भी और परिणामस्वरूप निवेशक, विश्लेषक और अन्य लोग कंपनी में विश्वास खो सकते हैं।

वित्तीय रिपोर्टिंग, प्रकटन और आंतरिक नियंत्रण हमारी प्रेस विज्ञप्तियों और सार्वजनिक फ़ाइलिंग सहित हमारे के सार्वजनिक कथनों में कोई गलत या भ्रामक जानकारी नहीं होनी चाहिए। यू.एस. के लिए ज़रूरी दस्तावेज़ सिक्योरिटी और एक्सचेंज कमीशन (SEC) को SEC की आवश्यकताओं के अनुसार समय पर पूरा किया जाना चाहिए।

हम सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कंपनी आंतरिक नियंत्रणों की एक पर्याप्त प्रणाली को बनाए रखे और यह कि हमारे लेनदेन सामान्य तौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों (GAAP) या अन्य लागू स्थानीय या संवैधानिक सिद्धांतों के अनुसार समय-समय पर संसाधित किए जाएँ। हम निम्न यथोचित आश्वासन प्रदान करने के लिए बनाए गए आंतरिक नियंत्रणों की प्रणाली बनाने और उनका पालन करने के लिए जिम्मेदार हैं:

- प्रत्येक लेनदेन को उचित रूप से रिकॉर्ड किया गया है और प्रबंधन द्वारा उपयुक्त रूप से अधिकृत किया गया है
- कंपनी की संपत्तियों की उपयुक्त रूप से सुरक्षा की जाती है और केवल प्रबंधन के प्राधिकार के अनुसार ही उनका उपयोग किया जाता है
- प्रत्येक लेनदेन को इस तरह से रिकॉर्ड किया जाता है, जिससे कंपनी अपनी संपत्तियों और देयताओं की ज़िम्मेदारी ले सके और साथ ही उपयुक्त लेखांकन मानकों के अंतर्गत वित्तीय कथन तैयार कर सके

कंपनी के प्रत्येक कर्मचारी की यह सुनिश्चित करने में एक भूमिका है कि हमारी बही और रिकॉर्ड सटीक हैं तथा आंतरिक नियंत्रणों की हमारी प्रणाली प्रभावी है न कि धोखा। इस आवश्यकता के संबंध में कंपनी के सभी कर्मचारियों को उनसे संबंधित लेनदेनों का समर्थन करने वाले पर्याप्त दस्तावेज़ प्राप्त करने चाहिए। झूठे, भ्रामक या गलत बहीखाते और अभिलेख कानून का उल्लंघन करते हैं और उनका परिणाम गंभीर अर्थदंड और जेल की सजा भी हो सकता है।

### द राइट रिज़ल्ट्स द राइट वे

यदि आपको अनुबंध, भुगतान वाउचर या कंपनी का कोई अन्य दस्तावेज़ या अभिलेख बनाने, जमा करने या उसकी सहमति देने के लिए कहा जाता है जो लेनदेन के सार को सटीकता से न दर्शाता हो, तो आपको ऐसा करने से इंकार कर देना चाहिए और रिपोर्टिंग और जाँच में बताए गए चैनलों का उपयोग करके तुरंत इस आचरण की रिपोर्ट करनी चाहिए।

इसी तरह से, आपको किसी तृतीय पक्ष (विक्रेता, आपूर्तिकर्ता, सलाहकार, या अन्य तृतीय पक्ष सहित) से ऐसे अभिलेख जमा करने का अनुरोध कभी नहीं करना चाहिए जो लेनदेन के सार को सटीकता से न दर्शाते हों।

यदि आपको संदेह है कि कोई व्यक्ति अनजाने में या जानबूझकर हमारे आंतरिक नियंत्रणों का नुकसान या उस उसमें गतिरोध पैदा कर रहा है, तो ऐसी चिताओं के बारे में सूचना देने के लिए हम आपको प्रोत्साहित करते हैं। कृपया याद रखें कि हम ऐसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिकार सहन नहीं करेंगे जो अच्छी नीयत से चिंता व्यक्त करता है।

### प्रकटन मामलों में शामिल निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों की अतिरिक्त ज़िम्मेदारियाँ

इसके अतिरिक्त, प्रकटन प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक निदेशक, अधिकारी या कंपनी के कर्मचारी के लिए आवश्यक है कि वह कंपनी के प्रकटन नियंत्रणों तथा कार्यविधियों और साथ ही वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित सभी आंतरिक नियंत्रणों से परिचित हो जाए और उनका उस सीमा तक अनुपालन करे जहाँ तक ये नियंत्रण उसके ज़िम्मेदारी क्षेत्र के लिए प्रासंगिक हैं।

SEC फ़ाइलिंग या कंपनी के किसी अन्य वित्त संबंधी सार्वजनिक संवाद के संबंध में प्रत्यक्ष या पर्यवेक्षक प्राधिकार वाले प्रत्येक व्यक्ति को अन्य कंपनी अधिकारियों से सलाह लेने सहित पूर्ण, निष्पक्ष, सटीक, समयबद्ध और समझने योग्य प्रकटन को सुनिश्चित करने के लिए सभी उपयुक्त कदम उठाने चाहिए।

कंपनी की प्रकटन प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी को:

- कंपनी के साथ-साथ कंपनी के व्यवसाय और वित्तीय प्रचालनों पर लागू होने वाली प्रकटन आवश्यकताओं से परिचित होना चाहिए।
- कंपनी के स्वतंत्र लेखा परीक्षक, सरकारी विनियामकों और स्व-विनियामक संगठनों सहित अन्य लोगों के सामने कंपनी के बारे में जान-बूझकर गलत तथ्य प्रस्तुत नहीं करने चाहिए या ऐसे कार्य नहीं करने चाहिए जिससे वे भ्रमित हों।
- सटीकता और पूर्णता के लिए प्रस्तावित प्रकटनों की ठीक से समीक्षा और विश्लेषण होने चाहिए (या, जहाँ उपयुक्त हो, अन्य लोगों को यह कार्य सौंपना चाहिए)।





# उपहार और हितों का संघर्ष

*सुरक्षा के लिए उठाया गया छोटा सा कदम, बादलों* ***#planespotting*** *की ओर बढ़ाया गया बड़ा कदम होता है*

कोई भी, कहीं भी मौजूद हवाई अड्डा

## उपहार, मनोरंजन और अतिथि सत्कार

उपहार देना या प्राप्त करना या मनोरंजन करना व्यावसायिक संबंधों को मज़बूत बनाने का एक प्रचलित तरीका है और कुछ प्रतिबंधों के साथ यह कानूनी और स्वीकार्य व्यावसायिक व्यवहार है।

हालाँकि, उपहारों और मनोरंजन को कभी भी कंपनी के व्यावसायिक संबंधों की सत्यनिष्ठा से समझौता नहीं करना चाहिए।

